# REPORT ON FAREWELL FUNCTION

A grand farewell ceremony was organized in honor of Professor **Ishwar Singh Sagwal** on his retirement. The program was presided over by the College Principal, and was attended by officials of the Management Committee, faculty members, non-teaching staff, students, and Prof. Sagwal's family.

The ceremony began with Prof. Sagwal, his family, and committee members paying floral tributes at the statue of Late Chaudhary Ishwar Singh Ji. Various speakers highlighted Prof. Sagwal's three decades of dedicated service, remarkable academic contributions, disciplined work ethics, and inspirational teaching.



## जनता कॉलेज कौल में प्रो. ईश्वर सिंह सागवाल के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 29 मार्च।** बाबू अनंत राम जनता कॉलेज कौल में प्रो. ईश्वर सिंह सागवाल की सेवानिवृत्ति के अवसर पर एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य ने की। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के पदाधिकारीगण, सदस्यगण, शिक्षक एवं गैर शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम प्रोफेसर ईश्वर सिंह सागवाल, उसके परिवार व उपस्थित सदस्यों ने स्वर्गीय चौधरी ईश्वर सिंह जी के चरणों में नतमस्तक होकर पुष्पांजलि दी व अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। विदाई समारोह में अनेक वक्ताओं ने प्रो. ईश्वर सागवाल के सेवा काल के दौरान प्रदत्त सेवाओं, अकादमिक योगदान, और शिक्षण पद्धति की सराहना की। उनके तीन दशकों के समर्पण और छात्रों के प्रति उनकी मार्गदर्शिका की भूमिका को याद करते हुए सभी ने उनके स्वस्थ और सुखद भविष्य की कामना की। कॉलेज प्राचार्य डॉ ऋषिपाल जी ने अपने संबोधन में प्रोफेसर सागवाल की विद्वत्ता, अनुशासन और शिक्षा के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी सेवाएं कॉलेज के लिए सदैव प्रेरणादायक रहेंगी और उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। उन्होंने उनके साथ बटर सहयोगी अनेक संस्मरणों को याद करते हुए उनकी सेवाओं को याद किया। प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने भी इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रोफेसर सागवाल को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रो. सगवाल के परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे, जिन्होंने उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन स्टॉफ सेक्रेटरी डॉ. राधिका खन्ना के कुशल नेतृत्व में सुचारू रूप से किया गया और यह आयोजन सभी के लिए यादगार बन गया। प्रबंधन समिति के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह ने प्रोफेसर ईश्वर सिंह को बधाई दी।




पंजाब केसरी
MON,31 MARCH 2025
EDITION: KAITHAL KESARI, PAGE NO. 1


## प्रो. ईश्वर सिंह सागवाल को सेवानिवृत्ति पर दी भावपूर्ण विदाई

कौल, 30 मार्च (बलवान): बाबू अनंत राम जनता कॉलेज कौल में प्रोफैसर ईश्वर सिंह सागवाल की सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ ऋषिपाल ने की। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के पदाधिकारीगण, सदस्यगण, शिक्षक एवं गैर-शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। विदाई समारोह में अनेक वक्ताओं ने प्रो. ईश्वर सागवाल के सेवाकाल के दौरान प्रदत्त सेवाओं, अकादमिक योगदान और शिक्षण पद्धति की सराहना की। उनके 3 दशकों के समर्पण व छात्रों के प्रति उनकी मार्गदर्शिका की भूमिका को याद करते हुए सभी ने उनके स्वस्थ व सुखद भविष्य की कामना की।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल ने प्रो. सागवाल की विद्वता, अनुशासन व शिक्षा के प्रति समर्पण की सराहना की।

प्रो. ईश्वर सिंह सागवाल ने अपने संबोधन में कॉलेज परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को मेहनत व ईमानदारी से अपने लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा दी। समारोह के अंत में प्रो. सागवाल को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर भावपूर्ण विदाई दी गई।

प्रो. ईश्वर सिंह सागवाल को सम्मानित करते हुए प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल व स्टाफ सदस्य।